### एक नजर में

**एथलेटिक में जीते सिल्वर और ब्रॉंज मेडल**

**गुना।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित 'थाईलैंड ओपन मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप 2026' में भारतीय एथलीट ललित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश और जिले का नाम रोशन किया है। 9 जनवरी से 11 जनवरी तक चली इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में ललित ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए सिल्वर और ब्रॉंज मेडल (रजत और कांस्य पदक) अपने नाम किए। इस ओपन चैंपियनशिप एथलेटिक्स मीट में दुनिया भर के लगभग 10 देशों के धावकों और एथलीटों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में भारत के अलावा सिंगापुर, नेपाल, थाईलैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया, ईरान, बर्मा, जापान और अमेरिका के दिग्गज खिलाड़ी शामिल हुए।

**16 लाख रुपये का लाहन और मदिरा जब्त**

**गुना।** ग्वालियर संभाग उपायुक्त संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में आबकारी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम मुरादपुर में बड़ी कार्यवाही करते हुए लगभग 16 लाख रुपये मूल्य की अवैध शराब और लाहन जब्त किया है। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के नेतृत्व में आबकारी वृत्त प्रभारी राधाकिशन अटारिया, धरनावादा थाना प्रभारी प्रभात कटारे और झागर चौकी प्रभारी अनिल कदम ने मुरादपुर स्थित पारदियों के डेरों पर अचानक दबिश दी। पुलिस और आबकारी बल को देखते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जांच के दौरान नाले के किनारे जमीन में गाड़कर रखी गई लोहे और प्लास्टिक की बड़ी टंकियां बरामद हुई, जिनमें भारी मात्रा में गुड़ लाहन भरा हुआ था।

# चोरों के निशाने पर जगनपुर पीएम आवास कॉलोनी क्षेत्र

## एक रात में फिर दो बड़ी वारदातें, नई बहू के गहने ले गए बदमाश, पेट्रोल खत्म होने से बच गई बाइक

नवभारत न्यूज

**गुना। हाल ही में विकसित और चर्चित हो रहे जगनपुर, पीएम आवास कॉलोनी क्षेत्र बदमाशों के निशाने पर है। इस इलाके में कभी गोलीबारी की घटनाएं हो रही हैं तो चोर आए दिन यहां धमाल मचा रहे हैं। बीती एक ही रात में बदमाशों ने इस इलाके में एक साथ दो चोरी की वारदातों को अंजाम देकर एक बार फिर दहशत फैला दी है।**



चोरी की पहली वारदात जगनपुर चक निवासी शाहरुख के घर हुई। चोरों ने रात करीब 1 बजे उस समय धावा बोला जब पूरा परिवार गहरी नींद में था। शातिर बदमाशों ने वारदात से पहले उन सभी कमरों की बाहर से कुंडी लगा दी, जिनमें परिवार के सदस्य सो रहे थे। चोर घर में रखे बक्से से सोने की अंगूठियां और नई बहू के तमाम जेवरात ले उड़े, जिनकी कीमत 1.5 से 2 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा 10 हजार रुपये नगद, एक नया कूलर और शादी में मिला दहेज का अन्य सामान भी चोरी हो गया। बदमाश खाली बक्से और कुछ सामान पड़ोस में फेंक कर फरार हो गए। शाहरुख के मुताबिक उनकी नई-नई शादी हुई थी। बदमाश दहेज का सामान और अन्य महंगी वस्तुएं चोरी कर ले गए हैं। सबसे ज्यादा दुख नई बहू के गहनों को लेकर हैं, जो बदमाशों ने चोरी कर लिए हैं। शाहरुख के मुताबिक एक तरफ सोना-चांदी महंगा हो रहा है। जैसे-तैसे उन्होंने सबकुछ एकत्रित किया, बदमाश एक झटके में चोरी कर ले गए। शाहरुख और उनके परिवार ने पुलिस से बदमाशों को पकड़कर उनके गहने और अन्य सामान वापस दिलाने की मांग की है।

**सूने घर में चोरी, बाईक नहीं ले जा सके**

दूसरी वारदात इसी इलाके में मदरसा के पास रहने वाले कदीर कुरैशी के घर हुई। कदीर का परिवार उदासी आश्रम वाली गली स्थित दूसरे मकान में था, जिससे यह मकान सूना पड़ा था। बदमाशों ने यहाँ से एक मोटरसाइकिल चोरी की, लेकिन खुशकिस्मती से गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया। इस कारण चोर बाइक को पीएम आवास के पास एक खेत में ही छोड़कर भाग गए। हालांकि बाइक तो मिल गई, लेकिन घर में रखे गैस की टंकी और भाई की सगाई के लिए खरीदे गए नए कपड़े व अन्य सामान बदमाश ले जाने में सफल रहे। यहाँ करीब 60 से 70 हजार रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। यहाँ भी चोरों ने सावधानी बरतते हुए पड़ोसियों के दरवाजों की कुंडी बाहर से लगा दी थी।

**रहवासियों में फिर दहशत**

एक ही रात में दो घरों में हुई चोरी और चोरों द्वारा कमरों की कुंडी बाहर से लगाने के तरीके ने स्थानीय निवासियों को डरा दिया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया है। पीड़ित परिवारों ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि बदमाशों का सुराग लगाया जा सके। इस घटना की जानकारी सामने आने पर जगनपुर और पीएम आवास कॉलोनी इलाके में दहशत फैल गई है।

**पुलिस चौकी बनाने की मांग**

बार-बार सामने आ रही वारदातों को देखते हुए जगनपुर क्षेत्र के रहवासी अब यहां स्थाई पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग कर रहे हैं। दरअसल, पीएम आवास कॉलोनी के अलावा इस इलाके में हजारों निजी आवास, क्रांति तात्याटोपे विश्वविद्यालय, तहसील, एसडीएम कार्यालय सहित कई प्रमुख संस्थान पहुंच गए हैं। ऐसे में इलाके की सुरक्षा को लेकर अब चिंता बढ़ गई है। वहीं हाल ही में पीएम आवास कॉलोनी के बाहर बदमाशों ने फायरिंग कर दहशत फैलाई थी। हालांकि एसपी अंकित सोनी की तत्परता के चलते बदमाशों को पकड़ लिया गया था। लेकिन चोरी की वारदातों में कमी नहीं आ रही है। जिससे लोगों में दहशत बरकरार है।



## निष्ठा, परिश्रम और समर्पण से मिलता है भाजपा नेतृत्व का मार्ग

**गुना।** भाजपा बजरंगगढ़ मंडल की नवनियुक्त कार्यकारिणी का अभिनंदन समारोह ग्राम सेमरी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में नेतृत्व का मार्ग निष्ठा, परिश्रम, त्याग और वैचारिक प्रतिबद्धता से होकर गुजरता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा केवल चुनाव जीतने वाली पार्टी नहीं है, बल्कि एक कार्यकर्ता-आधारित वैचारिक आंदोलन है, जहाँ हर कार्यकर्ता की भूमिका सम्मानित होती है और उसकी क्षमता के अनुरूप उसे आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है। अभिनंदन समारोह के दौरान जिला महामंत्री संतोष धाकड़, जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव और मंडल अध्यक्ष मुनेश धाकड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरपंच संजीव धाकड़ सहित बजरंगगढ़ मंडल के बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। अतिथियों ने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता के साथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करें।

## बीनागंज के निशुल्क नेत्र शिविर में 351 मरीजों को मिला लाभ



नवभारत न्यूज

**बीनागंज।** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में 21 जनवरी को बीनागंज में आयोजित नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में बीनागंज सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी आँखों की जाँच कराने और विशेषज्ञों से परामर्श लेने पहुँचे। दिन भर चले इस शिविर के दौरान कुल 351 मरीजों का पंजीयन किया गया। परीक्षण के बाद इनमें से 79 मरीजों को मोतियाबिंद व अन्य ऑपरेशनों के लिए सद्गुरु हॉस्पिटल रेफर किया गया है। इसके अलावा 65 मरीजों को मौके पर ही नि:शुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं और शेष मरीजों को आंखों की देखभाल के लिए आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इस जनसेवा कार्य में सद्गुरु हॉस्पिटल से आए डॉक्टर अनिल पटेल का विशेष योगदान रहा। उनके साथ नेत्र सहायक डॉक्टर सोनू शर्मा और उनकी टीम ने आधुनिक मशीनों के माध्यम से कुशलतापूर्वक मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। शिविर केल संचालन में रणवीर बघेल, लखन कुशवाहा, मिलन बघेल और मोहन जादौन ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में व्यवस्थापक विजय सिंह रघुवंशी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही क्षेत्र के पूर्व पार्षद मुकेश साहू और बजरंग शर्मा का भी सराहनीय योगदान रहा।

## हेलमेट लगाने का संदेश देने निकाली जागरुकता वाहन रैली

नवभारत न्यूज

**गुना।** सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को जिला पुलिस द्वारा एक भव्य हेलमेट रैली का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय से शुरू हुई इस रैली के माध्यम से शहरवासियों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट की अनिवार्यता का संदेश दिया गया। इस जागरूकता रैली में जिला पुलिस की विभिन्न इकाइयों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। रैली में यातायात बल के साथ-साथ पुलिस लाइन और पुलिस अधीक्षक कार्यालय की समस्त शाखाएं, कंट्रोल रूम का स्टाफ, थाना कोतवाली, थाना कैंट, महिला थाना और एजेके थाने का पुलिस बल सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी अपने दोपहिया वाहनों पर अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर शामिल हुए, जो जनता के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बना। रैली का नेतृत्व कर रहे पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश सरकार और पुलिस मुख्यालय आमजन की सुरक्षा को लेकर अत्यंत सजग है। उन्होंने जोर देकर कहा हमारा मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोकना है। अक्सर देखा गया है कि दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में हेलमेट न होने के कारण गंभीर चोटें आती हैं और जान तक चली जाती है। हम चाहते हैं कि लोग खुद की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनना अपनी आदत में शुमार करें और दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।



**जागरुकता अभियान का उद्देश्य**

सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित इस रैली का मुख्य लक्ष्य लोगों को यह समझाना है कि यातायात नियम केवल जुमार्ने से बचने के लिए नहीं, बल्कि सुरक्षित सफर के लिए बनाए गए हैं। पुलिस विभाग द्वारा आने वाले दिनों में शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## हिंदू सम्मेलन की वॉल पेंटिंग मिटाने पर भड़का आक्रोश



**गुना।** बूढ़े बालाजी स्थित मैदान के किनारे बनी पानी की टंकी पर बुधवार को उस समय तनाव की स्थिति निर्मित हो गई, जब अज्ञात लोगों द्वारा टंकी पर लिखे 'विराट हिंदू सम्मेलन' और 'दुर्गा मैदान' के नाम को मिटा दिया गया। इस घटना से आक्रोशित हिंदू संगठनों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए नगर पालिका और कलेक्ट्रेट का घेराव किया, जिसके बाद प्रशासन को झुकना पड़ा। दरअसल, बीती 4 जनवरी को बूढ़े बालाजी क्षेत्र में एक विशाल 'विराट हिंदू सम्मेलन' का आयोजन किया गया था। इस उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं द्वारा मैदान के किनारे स्थित पानी की टंकी पर बड़े अक्षरों में कार्यक्रम का शीर्षक और मैदान का नाम 'दुर्गा मैदान' अंकित किया गया था। बुधवार सुबह जब स्थानीय लोगों और संगठन के सदस्यों ने देखा कि उन शब्दों को रात के अंधेरे में मिटा दिया गया है, तो क्षेत्र में भारी नाराजगी फैल गई। हिंदू संगठनों और स्थानीय निवासियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि टंकी पर लिखे नाम को प्रशासन की मिलीभगत और निगरानी में मिटाया गया है। संगठनों ने इस मामले में सीधे तौर पर नपा के पीएचई विभाग के प्रभारी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और उनका नाम लिया। बड़ी संख्या में लोग कलेक्ट्रेट व नगर पालिका पहुंचे। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन तुरंत हरकत में आया। स्थिति बिगड़ती देख अधिकारियों ने आश्वासन दिया और अपनी ही निगरानी में पुन: उसी स्थान पर वही शब्द लिखवाना शुरू कर दिया, जो 4 जनवरी को लिखे गए थे। हालांकि, इस घटना को लेकर क्षेत्र में अब भी चर्चाओं का बाजार गर्म है और संगठनों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में आस्था और पहचान के प्रतीकों के साथ इस तरह की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## दुकानदार ने बीच सड़क पर लगाई कार, ट्रक चालकों की मनमानी से परेशान होकर अनोखा विरोध जताया



**गुना।** नानाखेड़ी मंडी गेट और उसके आसपास के व्यापारिक क्षेत्रों में बेतरतीब यातायात और ट्रक चालकों की मनमानी अब दुकानदारों के सब्र का बांध तोड़ रही है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि बुधवार को ओल्ड भदावर हाउस, जमुना वेयरहाउस और कान्हा कांटे के पास एक पीड़ित दुकानदार ने विरोध स्वरूप अपनी कार बीच सड़क पर खड़ी कर दी, जिससे लंबा जाम लग गया। पीड़ित दुकानदार का कहना है कि धर्मकांटे पर तुलाई के लिए आने वाले ट्रक रोजाना उनकी दुकानों के ठीक सामने खड़े कर दिए जाते हैं। इससे न केवल ग्राहकों का आना बंद हो गया है, बल्कि व्यापार पूरी तरह ठप होने की कगार पर है। बार-बार मिन्नतें करने के बाद भी ट्रक चालक सुनने को तैयार नहीं होते। इसी से आक्रोशित होकर दुकानदार ने अपनी कार सड़क पर अड़ा दी ताकि ट्रकों की आवाजाही रुक सके और प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर जाए। क्षेत्र के व्यापारियों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि ट्रक चालकों को दुकान के सामने से हटने का बोलने पर वे अभद्रता और विवाद करने पर उतारू हो जाते हैं। रोजाना लगने वाले लंबे जाम और आए दिन होने वाली झड़पों के कारण पूरा इलाका संवेदनशील बना हुआ है। दुकानदारों का आरोप है कि मंडी क्षेत्र होने के कारण यहाँ ट्रकों का भारी दबाव रहता है, लेकिन यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं हैं।

## गोविंद गार्डन कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**रहवासियों ने जताया ज्योतिरादित्य सिंधिया और नपा अध्यक्ष का आभार**



नवभारत न्यूज

**गुना।** सांसद और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मार्गदर्शन और निदेर्शों के पालन में गोविंद गार्डन कॉलोनी की वर्षों पुरानी सड़क की समस्या का समाधान होने जा रहा है। शिव कॉलोनी से गोविंद गार्डन कॉलोनी को जोड़ने वाली सीधी सड़क और नाली निर्माण कार्य का जायजा लेने नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता मौके पर पहुंचीं। नाली निर्माण का कार्य पूर्ण होने के बाद अब यहाँ सीसी सड़क का काम तेजी से चल रहा है।

निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद व भाजपा नेता अरविंद गुप्ता और पार्षद प्रतिनिधि शिवनारायण कुशवाह भी साथ रहे। गोविंद गार्डन पहुँचने पर कॉलोनी के रहवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष का माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उत्साहपूर्वक स्वागत किया। लगभग 28 लाख रुपए की लागत से बन रहे इस मुख्य मार्ग और नाली निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने ठेकेदार भूपेन्द्र शर्मा और नगर पालिका उपयंत्री रामवीर शर्मा को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्य उच्च क्वालिटी का होना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नगर पालिका अध्यक्ष ने इस दौरान भूपेंद्र रघुवंशी का विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने जनहित में अपने निजी प्लाट में से सड़क बनाने हेतु भूमि दान दी। उनके इस योगदान के कारण ही क्षेत्रवासियों को आवागमन के लिए सीधा मार्ग मिल सका है। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर मनोज भदौरिया, चुन्नू शर्मा, भूपेंद्र रघुवंशी, देशराज यादव, अग्रसेन रघुवंशी, धर्मेंद्र रघुवंशी, शिव कुमार रघुवंशी, सुनील शर्मा, रोहित रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी, पवन धाकड़ सहित बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने ज्योतिरादित्य सिंधिया और नगर पालिका प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**विरोध** — एबीवीपी मुखर-कलेक्टर के नाम सौंपा 8 सूत्रीय ज्ञापन

# कॉलेज में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर विरोध

नवभारत न्यूज

**कुंभराज 21 जन. का। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई कुंभराज द्वारा शासकीय महाविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं के विरोध में प्राचार्य को कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर इन मांगों पर उचित कार्यवाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो छात्र संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।**



ज्ञापन के माध्यम से परिषद ने अवगत कराया कि कुंभराज महाविद्यालय वर्ष 2015 से संचालित है, लेकिन आज तक यहाँ डीडीओ पावर की व्यवस्था नहीं है, जिससे अनेक प्रशासनिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। साथ ही महाविद्यालय में पर्याप्त जगह होने के बावजूद खेल मैदान विकसित नहीं किया गया है। पूर्व में भी कई बार इस ओर ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन प्रशासन ने खेल मैदान की सफाई तक की सुध नहीं ली है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिला प्रशासन और महाविद्यालय प्रबंधन को 8 दिन का समय दिया है। परिषद का कहना है कि यदि निर्धारित समय सीमा में भ्रष्टाचार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो होने वाले उग्र आंदोलन की संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**बुनियादी सुविधाओं का अभाव और भ्रष्टाचार के आरोप**

विद्यार्थी परिषद ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि महाविद्यालय में पानी की उचित व्यवस्था न होने से छात्र-छात्राओं और स्टाफ को परेशानी हो रही है। यहाँ तक कि वृक्षारोपण के तहत लगाए गए पौधे पानी के अभाव में सूखने की कगार पर हैं। परिषद ने आउटसोर्स कर्मचारियों के नाम पर फर्जी बिल लगाकर वेतन वसूली का बड़ा आरोप लगाया है। ज्ञापन में कहा गया कि राजनीतिक दबाव और पैसे के लेन-देन के चलते अयोग्य सगे-संबंधियों को जॉइनिंग दी जा रही है। वहीं कंप्यूटर ऑपरेटर का पद स्वीकृत न होने से छात्रों को तकनीकी कार्यों में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

**क्षतिग्रस्त भवन और शैक्षणिक अव्यवस्था**

ज्ञापन में बिल्डिंग निर्माण पर भी सवाल उठाए गए हैं। आरोप लगाया गया है कि उद्घाटन से पहले ही महाविद्यालय का भवन क्षतिग्रस्त होना एक बड़े घोटाले की ओर इशारा करता है।

वर्तमान में कक्षाओं का संचालन भी नियमित नहीं हो रहा है। पूर्णकालिक प्राचार्य के अभाव में स्टाफ की मनमानी बढ़ गई है, जिससे अनुशासन पूरी तरह भंग हो चुका है और कर्मचारी एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने में व्यस्त हैं।

## डुगासरा में सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**गुना।** ग्राम उदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत आज म्याना सेक्टर के ग्राम डुगासरा स्थित गुरु महाराज मंदिर परिसर में सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम संपन्न। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना और ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में जिला समन्वयक मंजूषा सालोमन ने संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश और केंद्र शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ अब ग्राम के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सुगमता से पहुँच रहा है। ब्लॉक समन्वयक अमित गोयल ने अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की, बताया कि किस प्रकार यह अभियान ग्रामीण विकास में सहायक सिद्ध हो रहा है।



## गहोई महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन

**गुना।** गहोई भवन में गहोई दिवस का पर्व समाज द्वारा अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संरक्षक डीएन नीखरा एवं अध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने गहोई दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज जनों को संगठित रहने और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। गहोई दिवस के इस पावन उपलक्ष्य पर महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन भी सर्वसम्मति से निर्विरोध संपन्न हुआ। नई टीम में मीरा नीखरा को संरक्षक, सीमू गुप्ता को अध्यक्ष, सुनीता गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अंजना गुप्ता को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, दीप्ति नीखरा को सचिव, अनीता गुप्ता को सह सचिव, रागिनी गुप्ता को कोषाध्यक्ष, आशा गुप्ता को अंकेक्षक, सुधा गुप्ता को प्रचार सचिव और अनीता गुप्ता को संगठन सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही सविता गुप्ता, मधु सेठ, रजनी गुप्ता, मनोरमा गुप्ता और रानी गुप्ता को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।

## जिला अस्पताल में नि :शुल्क हो रहे सीटी स्कैन

**गुना।** स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय गुना में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार जारी है। आयुष्मान भारतझप्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत अब पात्र मरीजों को सीटी स्कैन की सुविधा पूर्णत: नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इस पहल से आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद मरीजों को बड़ी राहत मिल रही है, जिन्हें पहले इन जाँचों के लिए निजी केंद्रों पर भारी रकम चुकानी पड़ती थी। नि:शुल्क जाँच सुविधा का लाभ लेने वालों में पठार मोहल्ला, मोतीपुरा निवासी राजाराम कुशवाह (उम्र 60 वर्ष) भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वे लंबे समय से पेट की बीमारी से पीड़ित थे। निजी अस्पताल में सीटी स्कैन जाँच का खर्च 3000 से 4000 रुपये के बीच बताया गया था, जो साधारण परिवार के के लिए बेहद कठिन था।